हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 12 सितंबर 2025

9 पांच दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन बॉक्सरों को देखने आए...



10 स्नातकोत्तर में प्रवेश के लिए फिजिकल काउंसलिंग...



# 13 रिचार्ज बोरवेल शुरू, 347 बोरवेल का 90 प्रतिशत काम पूरा, अब फसल कटाई पूरी होने पर होगा आगामी कार्य

## जिले में लगाए जाएंगे 400 रिचार्ज बोरवेल, 100 बोरवेल बनाए जाएंगे नहरी आउटलेट पर, 300 प्रैशरराइज तरीके से किए जाएंगे तैयार

**खास बातें**

- गत वर्ष गांव मांडोला, नांगलमाला, बुडीन व राजावास में बनाए वाटर रिचार्ज में बरसाती सीजन में पहली बार छोड़ा गया है नहरी पानी
- एक सीजन में छोड़ा गाया है 7 एलपीएस पानी, ग्रामीण की मानें तो एक सीजन भी आया पानी में बदलाव



महेश कुमार ⏭नारनौल

जिले में जलस्तर सुधार के लिए रिचार्ज बोरवेल परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। अब तक 13 रिचार्ज बोरवेल शुरू कर दिए गए हैं, जबकि 347 बोरवेल का 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। 53 नए बोरवेल सहित अन्य लंबित कार्य फसल कटाई का दौर खत्म होते ही शुरू कर दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि अटल भूजल योजना केंद्र सरकार द्वारा संचालित एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य गिरते भूजल की समस्या को दूर कर भू-जल स्तर को बढ़ाना है। इस योजना में जिला महेंद्रगढ़ को शामिल किया गया है। जिले के घटते भू-जल स्तर को रोकने के लिए मिकाड़ा विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों को जागरूक किया जा रहा है। विभाग के अधिकारी लगातार गांवों में पहुंचकर किसानों को सूक्ष्म सिचांई के प्रति जागरूक कर रहे है। वहीं लगातार जिला के गिरते भूजल स्तर में सुधार लाने के लिए नई योजना तैयार कर रहे है। परियोजना के तहत जिले में कुल 400 रिचार्ज बोरवेल लगाए जाने हैं। इनमें से 100 बोरवेल नहरी आउटलेट पर बनाए जाएंगे और 300 प्रैशरराइज तरीके से तैयार होंगे। अधिकारियों का कहना है कि इस योजना से भूजल स्तर में सुधार होगा और आने वाले वर्षों में किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

### पांच खंड है डार्क में शामिल

वर्ष 2020 में जिले को लगातार घट रहे भूजल स्तर की स्थिति को ध्यान में रखते हुए डार्क जोन में शामिल किया गया था। वहीं वर्ष 2019 में सरकार द्वारा वाटर सैल का गठन किया गया था जिसमें किसानों को ट्यूबवेल के लिए बिजली कनेक्शन भी शर्तों के आधार पर दिए गए थे। वहीं, अटल भूजल योजना के तहत जिले के नारनौल, अटेली, नांगल चौधरी, महेंद्रगढ़ व कनीना खंडों को डार्क जोन में शामिल किया गया है।

### टेस्टिंग का कार्य जारी

*गत वर्ष गांव मांडोला, नांगलमाला, बुडीन और राजावास में बनाए गए वाटर रिचार्ज बोरवेल में पहली बार बरसाती सीजन में नहरी पानी छोड़ा गया था। उस दौरान एक सीजन में 7 एलपीएस (लीटर प्रति सेकेंड) पानी छोड़ा गया। ग्रामीणों का कहना है कि केवल एक सीजन में छोड़े गए पानी से भी जलस्तर और पानी की गुणवत्ता में सकारात्मक बदलाव दिखाई दिया है। इसके बाद विभाग की ओर से जेरपुर, पाली, इकबलपुर, नंगली, ढाणी भाटोटा, देवराली, कुराहवटा एमडी एक व एमडी चार रिचार्ज बोरवेल शुरू किए जा चुके है। अन्य रिचार्ज बोरवेल का टेस्टिंग का कार्य जारी है।*

### लगातार गिरते भूजल स्तर का यह रहा मुख्य कारण

*जिले में लगातार भूजल स्तर की स्थिति बिगड़ती जा रही है। सतनाली क्षेत्र में तो हालात ऐसे है कि एक-एक किसान खेती के लिए आठ से दस बार लाखों रुपये खर्च कर बोरवेल करा रहे हैं लेकिन खेती का पानी तो दूर पेयजल भी नसीब नहीं हो पा रहा है। इस समय सतनाली क्षेत्र में 1200 से 1500 फुट तक गहराई में भी पानी नहीं है। ऐसे में किसान खेती करना तो दूर आगामी 20 सालों में पेयजल भी नसीब नहीं हो पाएगा। क्षेत्र के कई हिस्सों को भूजल स्तर 300 फुट गहराई में है लेकिन यहां कृषि योग्य पानी बोरवेल के माध्यम से भूमि से बाहर खींचने के लिए 1500 फुट तक गहराई में भी पर्याप्त पानी नहीं है जिससे बोरवेल की मोटर चल सके। यही स्थिति पूरे जिले की है भूजल स्तर एवं कृषि तथा पीने योग्य पानी तो जिलेभर में 400 फुट से अधिक की गहराई में ही नसीब हो पाता है। जेई उतम सिंह का कहना है कि जिला में कुल 400 रिचार्ज बोरवेल किए जाने है। 13 रिचार्ज बोरवेल शुरू हो चुके है। फसल की कटाई का कार्य पूरा होने के बाद अन्य बोरवेल के लंबित कार्य शुरू कराए जाएंगे।*

## खबर संक्षेप

### व्यक्ति ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**नारनौल।** एक व्यक्ति ने परेशानी के चलते फांसी का फंदा लगा लिया। इस बारे में मृतक के भाई बिल्लू ने पुलिस में शिकायत में बताया कि मृतक खेतीबाड़ी का काम करता था। उसने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है। जिसमें उसको परेशान करने वालों का नाम है। यह सुसाइड नोट पुलिस के पास है। शहर की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले करीब 57 वर्षीय सुभाष ने बुधवार को अपने घर पर फांसी का फंदा लगा लिया।

### स्वच्छता अभियान के तहत जागरूकता रैली आज

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा चलाए जा रहे शहर स्वच्छता अभियान के तहत जिला नगर आयुक्त रणवीर सिंह के नेतृत्व में महेंद्रगढ़ शहर में 11-सप्ताह का स्वच्छता अभियान चल रहा है। इस अभियान का उद्देश्य शहरों को साफ और स्वच्छ बनाना है। इसी कड़ी में शहर में स्वच्छता के प्रति आमजनता को जागरूक करने के लिए 12 सितंबर को सुबह 10 हुडा पार्क महेंद्रगढ़ से एक विशाल स्वच्छता रैली का आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका के सचिव गौरव सांगवान ने बताया कि रैली में सभी सरकारी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ-साथ आम नागरिक, स्वयं सहायता समूह और आरडब्ल्यूए बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

### पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक

**महेंद्रगढ़।** पुलिस ने राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्राओं को साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए और आत्मरक्षा के तरीकों के साथ डायल 112 ट्रिप मॉनिटरिंग की जानकारी दी। निरीक्षक शारदा और उनकी टीम ने छात्राओं को साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 की जानकारी दी। टीम ने छात्राओं को टेलीग्राम टास्क फ्रॉड, ऑनलाइन फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट और एपीके फाइल से संबंधित साइबर अपराधों की जानकारी दी और धोखाधड़ी से बचने के लिए सावधानी बरतने की जानकारी दी।

## जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से बनाए जा रहे हैं 3 नए बूस्टिंग स्टेशन, लघु सचिवालय में निर्माण कार्य पूरा

# महेंद्रगढ़ शहरवासियों को अब नहीं होगी पेयजल किल्लत

राजकीय महाविद्यालय के पास बूस्टिंग स्टेशन पर टैंक का 10 प्रतिशत कार्य शेष रह गया है, जबकि चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में बूस्टिंग स्टेशन का कार्य 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

शहर की 50 हजार की आबादी को अब पेयजल किल्लत देखने को नहीं मिलेगी। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से अटल मिशन योजना-2 के तहत 14 करोड़ रुपये की लागत से शहर में तीन नए बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण कराया जा रहा है। इसमें टैंकों में पानी स्टोर करके आपूर्ति की जाएगी। विभाग की ओर से लघु सचिवालय में कार्य पूरा हो चुका है। वहीं राजकीय महाविद्यालय के पास बूस्टिंग स्टेशन पर टैंक का 10 प्रतिशत कार्य शेष रह गया है, जबकि चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में बूस्टिंग स्टेशन का कार्य 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है। दिसंबर तक निर्माण कार्य पूरा होने की उम्मीद है। इसके बाद शहरवासियों को पीने के पानी के लिए परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। कार्य पूरा होने के बाद जनवरी 2026 तक टैंकों में पानी छोड़ा जाएगा। टैंकों में पानी आने के शहर की आबादी को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

बता दें कि जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से मई 2024 में तीनों टैंकों का एस्टीमेट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजा गया था। स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फिर 20 अप्रैल 2025 को निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। राजकीय महाविद्यालय के पास बन रहे नए टैंक की क्षमता 4.25 लाख लीटर होगी, जो पुराने टैंक की क्षमता से लगभग दोगुनी है। टैंक में चार लाख 25 हजार 250 पानी स्टोरेज करने की क्षमता होगी। इस टैंक की लंबाई 3.50 मीटर लंबाई, नौ मीटर चौड़ाई तथा 3.50 मीटर गहरा बनाया जाएगा। लघु सचिवालय में बूस्टिंग स्टेशन पर 2.60 लाख लीटर पानी स्टोर करने वाला टैंक तैयार हो रहा है। टैंक की 10.30 मीटर लंबाई, सात मीटर चौडाई और गहराई 3.50 मीटर होगी। वहीं शहर के चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क स्टेशन में एक लाख 65 हजार की क्षमता का टैंक भी निर्माणाधीन है। इसकी 8.50 मीटर लंबाई, 5.30 मीटर चौड़ाई, 3.50 मीटर गहरा रहेगा। इन टैंकों के तैयार होने के बाद पानी की सुचारू सप्लाई संभव होगी।



**महेंद्रगढ़।** विभाग द्वारा बनाए रहे बूस्टिंग स्टेशन। फोटो : हरिभूमि

### चार टैंकों से शहर में होती है सप्लाई

तीन दशक पहले शहर की करीब 20 हजार की आबादी के लिए गांव देवास स्थित परियोजना बनाई गई थी। इसमें चार वाटर टैंक बनाकर चार किलोमीटर भूमिगत पाइप लाइन दबाकर शहर में बने बूस्टिंग स्टेशन से पेयजल आपूर्ति की जाती है। तीन दशक में शहर की आबादी करीब 50 हजार तक पहुंच गई है। इसके कारण शहर में हर वर्ष पेयजल की समस्या बढ़ने लगी है। गांव देवास में करीब दस एकड़ भूमि पर बने नहरी पानी आधारित चार जलघरों से शहर में पेयजल आपूर्ति होती है। इसकी क्षमता महज 85 लाख लीटर होने के कारण शहर की आबादी के लिए 14 दिन का पानी स्टोर हो सकता है। नहरी पानी के अभाव में सप्ताह के बाद पानी की राशनिंग शुरू कर दी जाती है।

अमृत मिशन योजना के तहत जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से 14 करोड़ रुपये की लागत से शहर के तीन स्थानों पर बूस्टिंग स्टेशनों पर नए टैंक बनाए जा रहे हैं। लघु सचिवालय में निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि राजकीय महाविद्यालय के नजदीक टैंक का 10 व हुड्डा पार्क में टैंक का 30 प्रतिशत काम शेष है। दिसंबर तक निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। जनवरी 2026 तक पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

*–सुरेंद्र सिंह, जेई, जनस्वास्थ्य विभाग, महेंद्रगढ़*

## अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई पुलिस ने 101 वाहन जब्त किए

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

जिले में खनिज की अवैध ढुलाई व अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए खनन विभाग और पुलिस विभाग की ओर से एक व्यापक व सख्त अभियान चलाया जा रहा है। वीरवार को इस अभियान के तहत तीन डंपर को जब्त किया गया। सहायक खनन अभियंता अनिल कुमार हरियाणा सरकार की खनन को लेकर पारदर्शी नीति और अवैध खनन के प्रति श्जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत यह अभियान उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के मार्गदर्शन व दिशानिर्देशों में संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत अगस्त से लेकर नौ सितंबर तक कुल 101 वाहनों को जब्त किया गया है। यह कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में 10 सितंबर को तीन डंपर और एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा गया। इसके अतिरिक्त वीरवार सुबह भी तीन डंपरों को जब्त किया गया। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जब्त किए गए वाहनों को केवल जुर्माना भरने के बाद ही छोड़ा जाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए कि जिले में खनिज की अवैध ढुलाई तथा अवैध खनन पूरी तरह से समाप्त होए विभाग की ओर से भविष्य में भी इस प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



**नारनौल।** खनिज की अवैध ढुलाई करते पकड़े गए वाहन। फोटो : हरिभूमि

## छात्र से 43 हजार के बदले वसूले 52500 फिर भी 60 हजार बकाया, केस दर्ज

**महेंद्रगढ़।** बीडीएस की तैयारी कर रहे छात्र ने नांगल हरनाथ निवासी राहुल उर्फ गबरू से उधार लिए 43 हजार रुपये की एवज में करीब 52,500 रुपये लौटा भी दिए, लेकिन अब भी 60 हजार रुपये और मांगने का दबाव बनाया जा रहा है। इतना ही नहीं, उसे व उसके पिता को देख लेने की धमकी भी गई। जिसकी पीड़ित ने पुलिस को शिकायत कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर के वार्ड नंबर 4 मोहल्ला बागड़ियान निवासी नमन पुत्र अशोक ने बताया कि वह बारहवीं पास है तथा अब बीडीएस में दाखिले की तैयारी कर रहा है। उन्होंने बताया कि उसे गत मार्च महीने में कुछ रुपयों की जरूरत हो गई, जिस पर उसे किसी ने बताया कि नांगल हरनाथ का राहुल उर्फ गबरू रुपये उधार देता है। इस पर उसने राहुल से संपर्क किया। जिस पर राहुल उससे रुपयों के बदले बैंक का एक खाली चेक तथा परनोट ले लिया। नमन ने बताया कि उसने राहुल से शुरू में 15 हजार और फिर दस-दस हजार एवं आठ हजार रुपये कुल मिलाकर 43 हजार रुपये उधार लिए। उन्होंने बताया कि राहुल ने इन रुपयों पर 15 प्रतिशत ब्याज लगाने की बात कही थी। उन्होंने बताया कि वह अपने फोन पे से अब तक अलग-अलग किस्तों में कुल 52,500 रुपये राहुल को दे चुका है, लेकिन राहुल उसे कहता है कि पैनेल्टी लगाकर उसकी तरफ 60 हजार रुपये और निकल रहे हैं। ऐसे में वह 60 हजार रुपये और देने का दबाव बना रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल उसे व उसके पिता के पास बार-बार फोन पर धमकी देता है कि वह उनके खाली चेक को अदालत में पेश करेगा तथा उनसे रुपयों की वसूली करेगा। इतना ही नहीं, उसने उन्हें देख लेने की भी धमकी दी है। इस मामले में शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खारीवाड़ा, कटकई, गढ़ी रुथल में पंचायती जमीन से हटवाया गया अवैध निर्माण





**मंडी अटेली।** पीले पंजे की सहायता से अवैध कब्जे हटाते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭मंडी अटेली

गांव खारीवाड़ा, कटकई, गढ़ी रुथल में पंचायती जमीन पर किए गए अवैध कब्जों को पीले पंजे की सहायता से पुलिस की मौजूदगी में हटाया गया। खारीवाड़ा के सरपंच प्रतिनिधि ने नरेश कुमार ने बताया कि गांव के ही लोगों ने करीब 35 वर्षों से पंचायती रास्ते पर अवैध कब्जा किया हुआ था। वीरवार को अवैध कब्जे को हटा दिया गया है, जबकि उसके द्वारा बनाए गए मंदिर को हटाने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। कटकई के सरपंच प्रतिनिधि विजय सिंह ने बताया कि गांव की फिरनी पर एक परिवार ने 25 वर्षों से घर बनाया हुआ था। जिस कारण आवागमन में राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता था।

प्रशासन ने गांव में फिरनी पर अवैध कब्जा हटाया है। गढ़ी रुथल में भी अवैध कब से हटाए गए हैं। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अटेली नवदीप ने बताया कि खारीवाड़ा, कटकई में कोर्ट के आदेश अनुसार सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी नारनौल द्वारा दिए गए आदेशों की पालना की गई है। प्रशासन इस समय अवैध कब्जे करने वालों पर सख्त है। विपिन पटवारी ने बताया कि सभी आमजन से अपील की जाती है कि जिन्होंने सामलात भूमि पर अवैध कब्जा किया हुआ है। वह अपना अवैध कब्जा स्वयं ही हटा ले, नहीं तो प्रशासन अवैध कब्जा हटाएगा। इस मौके पर राजपाल पटवारी, विपिन पटवारी, ग्राम सचिव सांतनु प्रताप आदि मौजूद थे।

# स्कूटी सवार युवाओं ने बंद मकान से सामान और नकदी चोरी की

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

स्कूटी सवार दो अज्ञात युवाओं ने एक बंद मकान से हजारों रुपये का सामान व नकदी की चोरी कर ली। इस बारे में पीड़ति ने पुलिस में ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई है। चोरी के बाद युवक स्कूटी पर सवार होकर भाग गए। जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी मिली है। जिसमें संदिग्ध चोर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।



सदर थाना के गांव सराय बहादुर नगर निवासी नरेश कुमार ने बताया कि उसने अपने ट्यूबवेल पर एक मकान बनाया हुआ है। जिसमें रहने व सोने का सारा सामान है। वह मकान अकसर बंद रहता है तथा किसी मेहमान के आने या बच्चों के पढ़ाई करने पर ही वह खोला जाता है। बीते कल शाम को उस मकान पर उसका भतीजा पंकज कुछ रिश्तेदारों के साथ गया। इस दौरान उसने देखा कि एक स्कूटी बाहर खड़ी हुई थी। वहीं एक व्यक्ति स्कूटी के पास खड़ा था। जब उसके भतीजे ने उससे पूछा कि आप कौन हो और यहां क्या कर रहे हो तो उसने बताया कि वह पड़ोसी गांव बाछौद से है तथा उसका कुआं भी नजदीक ही है। इस पर वह व्यक्ति उससे बहस करने लगा। उम्र में छोटा होने के कारण वह डर गया तथा वहां से जाने लगा। इसी दौरान एक अन्य व्यक्ति अंदर से निकल कर आया, तब उसने पूछा कि मकान में क्या करने गए थे। तब वे वहां से भाग गए। जिसके बाद भतीजे ने उसके पास फोन कर बताया कि ऐसे दो लोग मकान में घुसे हुए थे। तब उसने कहा कि उनको पकड़ो। जब उसके भतीजे ने उनको पकड़ने की कोशिश की, तो वे स्कूटी तेज चलाकर भाग गए। इसके बाद वे गांव के मैरिज पैलेस में लगे कैमरे में कैद हुए हैं। वहीं जब उसने पीछा किया तो दोनों आरपीएस स्कूल से नेशनल हाईवे नंबर 148बी पर चढ़कर जयपुर की ओर निकल गए। उन्होंने बताया कि बाद में जांच करने पर पता चला कि चोर उनके मकान के ताले तोड़कर वहां से लैपटॉप, घड़ी, कुछ नकदी व हजारों रुपये का अन्य सामान चुरा ले गए।

**गुहार** खोखा संचालकों ने मंत्री के पीए को सौंपा ज्ञापन, रोजी-रोटी छिनने का जताया डर

# अटेली बस स्टैंड व मंडी गेट के समीप लगे खोखों पर प्रशासन की नजर, नोटिस से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭मंडी अटेली

कस्बे के नए बस स्टैंड व अनाज मंडी गेट के सामने लगाए गए अवैध खोखे, रेहड़ी और ठेले को हटाने के लिए नगरपालिका द्वारा नोटिस चस्पाने के बाद क्षेत्र के खोखा व रेहड़ी संचालकों में खलबली मच गई है। रोजी-रोटी पर संकट देख दुकानदारों ने वीरवार को स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के अटेली स्थित कार्यालय पहुंचकर उनके पीए गोविंद गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई रोकने की गुहार लगाई।

रेहड़ी-खोखा संचालकों ने कहा कि अगर उनके आजीविका के साधन हटा दिए गए तो उनके परिवार भूखमरी की कगार पर आ जाएंगे। बच्चों की पढ़ाई और गुजारा ठप हो जाएगा। इस पर मंत्री के पीए ने उन्हें आश्वस्त किया कि गरीबों को दिक्कत नहीं आने दी जाएगी, लेकिन जिन लोगों ने बड़े खोखे बनाकर उन्हें किराये पर दे रखा है, उन पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि सड़क पर अवैध कब्जों से आम लोगों को परेशानी होती है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। दुकानदार दयाराम, पंकज कुमार, जावेद खान ने कहा कि वे बस स्टैंड के पास ठेले-रेहड़ी लगाकर परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। नगरपालिका का नोटिस उनके लिए चिंता का सबब बन गया है। मंत्री आरती राव गरीबों की आवाज हमेशा सुनती हैं, इसलिए वे मदद की उम्मीद लेकर उनके पास पहुंचे हैं।



**मंडी अटेली।** मंत्री के पीए से बातचीत करते दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

### अतिक्रमण से राहगीरों को होती है परेशानी

मार्केट कमेटी सचिव सुनिता और नगरपालिका सचिव प्रशांत पाराशर ने बताया कि रोड किनारे अवैध खोखे और अतिक्रमण से यातायात प्रभावित हो रहा है और आम जनता परेशान है। कई लोग सरकारी जगह पर खोखे खड़े कर उन्हें किराये पर चला रहे हैं, जो नियम विरुद्ध है। प्रशांत पाराशर ने कहा कि बस स्टैंड और मंडी गेट क्षेत्र के बाद पावर हाउस के पास लगे अवैध खोखों और दुकानदारों के अतिक्रमण पर भी कार्रवाई की जाएगी। अवैध कब्जों को हटाना जरूरी है ताकि रास्ते चौड़े और साफ-सुथरे हो सकें।

## खबर संक्षेप



मंडी अटेली। विद्यार्थियों को जैव विविधता के बारे में जानकारी देते हुए।

### विद्यार्थियों को किया जागरूकता

**मंडी अटेली।** गांव खेड़ी स्थित शहीद मानसिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जैव विविधता के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। जैव विविधता विभाग के जिला समन्वयक देशराज शर्मा ने छात्र-छात्राओं को जैव विविधता एवं संरक्षण पर विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए जीवन में जैव विविधता के महत्व को बताया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य विजयपाल यादव ने की तथा जिला समन्वयक जैव विविधता विभाग का आभार प्रकर करते हुए समय-समय ऐसे जागरूक अभियान को चलाने का विद्यालय स्तर पर आह्वान किया। सृष्टि पर हर प्रकार के जीव जंतुओं का आवश्यकता है, इन्ही के समन्वय से यह पृथ्वी का संतुलन बना हुआ है। विद्यार्थियों में इनके बारे में समझ बनने से जागरूकता आएंगी। इस मौके पर अनीता देवी, डॉ. अश्वनी कुमार, गौतम यादव, नरेश यादव आदि मौजूद थे।

### 6 विदेशों व 20 सीबीएसई क्लस्टर की टीमों के 1400 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

# पांच दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन बॉक्सरों को देखने आए अभिभावक

- सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में वीरवार को पांच दिवसीय नेशनल सीबीएसई बॉक्सिंग चैम्पियनशिप शुरू हुई। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि भीम अवार्डी खेल विभाग के उपनिदेशक गिरिराज सिंह ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस मौके पर भीम अवार्डी सुषमा यादव, दीप्ति रामे मौजूद थी। उन्होंने ध्वज पताका फहराकर खेलों का आगाज किया। इस चैंपियनशिप में छह विदेशों सहित भारत वर्ष से सीबीएसई के नौ जोन से 1400 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

गिरराज सिंह ने खिलाड़ी से खेल में हुई गलतियों से सबक लेने व खेल को खेल की भावना से खेलने का संदेश दिया। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ साथ खेलों को भी अपनाना चाहिए। जिससे उनका शारीरिक व मानसिक विकास हो सके। उन्होंने आए हुए अतिथियों को स्वागत सत्कार किया। सुषमा यादव ने एसडी प्रबंधन समिति की ओर से की गई व्यवस्था तथा विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर विद्यार्थियों ने हरियाणवी संस्कृति की छटा बिखेरते हुए रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर कृष्ण कुमार एडवोकेट, योगेश कुमार, पिंकी देवी, मनीषा, पुनेश सिंह, राजेश सिन्हा, रमेश चन्द, सतपाल सिंह, सुनील कुमार, सुन्दरलाल ककराला, कंवर सिंह नम्बरदार, महेन्द्र सिंह, बिजेन्द्र, प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य राजेन्द्र यादव, सीईओ रामधारी, उपप्राचार्य पूर्णसिंह, सुनील कुमार, संजय कुमार उपस्थित थे।





कनीना। ध्वज फहराकर बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि। व खेलों में हिस्सा लेते मक्केबाज। फोटो : हरिभूमि

### पहले दिन के मुकाबले

एसडी स्कूल में आयोजित बॉक्सिंग चैंपियनशिप के रिंग में खिलाड़ियों के बीच कड़े मुकाबले हुए। रिंग एक में 28 से 30 किलो भार व 14 आयुवर्ग में नार्थ जोन वन बी की खिलाड़ी आदिती मौर्या, ईस्ट जोन ए से तान्या कुमारी, नोर्थ जोन सैकेंड बी से मारिया मेहता, नोर्थ जोन सैकेंड बी से वजसंवी साउथ जोन वन बी से आल्लुगोजू के मध्य कड़ा मुकाबला रहा। इसी प्रकार 30 से 32 किलो भार वर्ग में साउथ जोन वन बी से एस मर्दसेन, सेन्ट्रल जोन ए के प्रिंजल, नोर्थ जोन सैकेंड ए की मांशी, साउथ जोन वन ए से नायशा विद्यासागर, 32 से 34 किलो भार वर्ग में ईस्ट जोन बी से अन्न्या कुमारी, नोर्थ जोन ए से ईरिवा, साउथ जोन वन ए से पीअन्न हस्सेलटैन, 34 से 36 किलो भार वर्ग में साउथ जोन से थरीसा ए, नोर्थ जोन सैकेंड ए से नीति यादव, नोर्थ जोन वन ए से रितिका रौतेला, साउथ जोन वन बी से निकिथा श्रीएन, सैन्ट्रल जोन ए से पलक, नोर्थ जोन से तन्वी में मुकाबला रहा है।



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## तीसरे दिन लीग मुकाबले पूरे अब नॉकआउट की बारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रही सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल गर्ल्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबलों के नाम रहा। अंडर–14, 17 व 19 वर्ग के लीग मैच पूरे हो गए हैं और अब शुक्रवार से नॉकआउट दौर की शुरुआत होगी। अंडर–14 वर्ग में इंडिया नेशनल स्कूल पुणे ने डीपीएस छत्तीसगढ़ को हराया। वेलाम्मल विद्यालय चेन्नई ने सायग्नस वर्ल्ड स्कूल गुजरात को शिकस्त दी। सेंट मैरी कॉन्वेंट उदयपुर ने रॉकवेल, तेलंगाना को मात दी। गीतांजलि स्कूल सोनीपत ने डीपीएस नॉर्थ कर्नाटका को हराया, जबकि फादर एंजल स्कूल नोएडा ने सेंट सोल्जर पंचकूला को हराया। इसके अलावा सेक्रेड हार्ट चंडीगढ़ और शिशुकुंज इंटरनेशनल मध्यप्रदेश ने भी जीत दर्ज की। वहीं सुगुना पीआईपी स्कूल कोयंबटूर तमिलनाडु का मैच समाचार लिखे जाने तक जारी था। अंडर–17 वर्ग में डीपीएस तेलंगाना ने गुरु नानक मिशन स्कूल पांवटा साहिब हिमाचल प्रदेश को हराया। डीपीएस छत्तीसगढ़ ने ग्यानोदय नीमच को मात दी। गुरु नानक पब्लिक स्कूल चंडीगढ़ ने सोफिया गर्ल्स स्कूल कोटा को हराया और मेरठ पब्लिक स्कूल ने एपीएस नारंगी असम पर जीत दर्ज की। दिन का सबसे रोमांचक मुकाबला गीतांजलि स्कूल सोनीपत और डीएवी लुधियाना के बीच खेला गया।

### शुभकामना दी

प्रिंसिपल वीरेंद्र सिंह ने बताया कि वीरवार करे लीग मुकाबले पूरे हो गए हैं और अब शुक्रवार से नॉकआउट का दौर शुरू होगा। चेयरमैन डॉ. बीएल यादव ने कहा कि यह टूर्नामिंट केवल जीत-हार का नहीं, बल्कि बेटियों की मेहनत और संघर्ष का उत्सव है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की शुभकामना दी।

## बचपन प्ले स्कूल में मनाया हिन्दी पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के मौदाश्रम मंदिर के सामने मौहल्ला जवाहरनगर में स्थित बचपन प्ले स्कूल में वीरवार को हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा हिन्दी दिवस से संबंधित गीत, कविता, भाषण, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए तथा हिन्दी राईटिंग, हिन्दी रीडिंग और एसए राइटिंग एक्टिविटीज भी करवाई गई।

चेयरमैन रमेश सैनी एवं चेयरपर्सन निशा सैनी ने बताया कि हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी भाषा के प्रचार–प्रसार के लिए भारत सरकार के कार्यालय उपक्रम और संस्थान में आयोजित किया जाने वाला 15 दिन का एक विशेष उत्सव है, जिसे हिन्दी पखवाड़ा उत्सव कहते हैं। हिन्दी दिवस उस ऐतिहासिक पल का प्रतीक है, जब 14 सितंबर को राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी भाषा को अपनाया गया था। यह भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है और देश की भाषाई विविधता को बनाए रखने के महत्व पर जोर देता है। यह दिन हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देता है और लोगों को इस भाषा से जोड़ने का एक माध्यम है। इस मौके पर प्राचार्या ज्योति शर्मा, बचपन हेड रूपाली अरोड़ा, उप प्राचार्या मोनिका दीवान, प्रवक्ता अमरसिंह सोनी, पूनम गोस्वामी, हिन्दी अध्यापिका पूजा और किरण उपस्थित रही।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### गणित विषय नेट परीक्षा में राधिका ने पाई ऑल इंडिया 77वीं रैंक



**महेंद्रगढ़।** सीएसआईआर द्वारा आयोजित गणित विषय की जेआरएफ परीक्षा में राधिका पुत्री स्वर्गीय चंद्रजीत यादव वासी ग्राम बेरी ने ऑल इंडिया में 77वीं रैंक हासिल करके सफलता का परचम लहराया है। उन्होंने यह सफलता अपने पहले ही प्रयास में प्राप्त की है। राधिका ने प्रारंभिक शिक्षा एनआरबी हाई महेंद्रगढ़ से प्राप्त करने के बाद आरपीएस कॉलेज से बीएससी व कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से गणित विषय में एमएससी पास की। इनके दादा ओमप्रकाश हेडमास्टर पद से रिटायर्ड हैं। एनआरबी कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. आनंद यादव ने बताया कि राधिका का सपना था और जिसे उसने पूरा किया है। इस अवसर पर विनोद यादव, देवेंद्र यादव, राहुल यादव, प्रवीण यादव, सुनीता यादव, सुधीर यादव, मनन यादव व मोहित यादव ने राधिका को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## राष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में एंटी ड्रग सेल के तत्वावधान में राष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का मुख्य विषय नशा एक सामाजिक अभिशाप रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपप्राचार्य प्रो. विजय यादव एवं एंटी ड्रग सैल प्रभारी प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ ने किया। प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ ने कहा कि वर्तमान समय में बाजार में नशे के अनेक साधन उपलब्ध हैं, जिसके चलते युवाओं की नई पीढ़ी भ्रमित होकर नशे की गिरफ्त में आ जाती है और अपना समय व जीवन नष्ट कर रही है। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि वे अपनी ऊर्जा का उपयोग समाज निर्माण में करें और नशे से दूर रहें। निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए जागरूक किया गया।

प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि निबंध लेखन से व्यक्ति की सोच, बुद्धि और संवेदनशीलता का विकास होता है। लेखन के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाना संभव है। ऐसे युवा भविष्य में पत्रकार बनकर नशे जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ अभियान चला सकते हैं। महाविद्यालय पीआरओ डॉ. अश्विनी कुमार ने बताया कि एंटी ड्रग सेल द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता ने न केवल विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाई, बल्कि उन्हें समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित भी किया। महाविद्यालय की सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।




महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी व स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रो. डॉ. शमशेर सिंह, डॉ. बलजीत सिंह, डॉ. अशोक कुमार, प्रो. विकास, डॉ. नीतू शर्मा, डॉ. परमीत कुमारी, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. रिनू यादव, डॉ. रविंद्र कुमार, डीसी सैनी सहित विभिन्न विभाग के प्रभारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



नारनौल। रैली के लिए जनसम्पर्क करते इनेलो कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### रोहतक में सम्मान दिवस रैली रचेगी इतिहासः आनंद

**नारनौल।** इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश सचिव व हलका अटेली प्रभारी आनंद सिंह श्योराण ने कहा कि रोहतक में 25 सितंबर को जन नायक पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व. चौधरी देवीलाल की 112वीं जयंती के अवसर पर सम्मान दिवस रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद एक नया इतिहास रचा जाएगा। वह वीरवार को रैली का निमंत्रण देने के लिए अटेली हलके के गांव बाघोत, उच्चत, छितरोली, सीहोर, गाहड़ा, कोटिया, करीरा, भड़फ, ककराला, कपूरी आदि गांव का दौरा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिले से सैकड़ों वाहनों से लोग रोहतक रैली में जाएंगे। जिसकी तैयारियां जोर शोर से की जा रही है और लोगों में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि इस सरकार से सभी वर्ग दुखी व परेशान है, प्रदेश बेरोजगारी में नंबर वन पर है और महंगाई चरम सीमा पर है। पेट्रोल डीजल के भाव आसमान पर हैं। यह सरकार चौधरी देवीलाल की ओर से शुरू की गई बुजुर्गों की सम्मान पेंशन को काट रही है, जिसे इनेलो बर्दाश्त नहीं करेगी। इस सरकार में भ्रष्टाचार व लूटमार का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि बरसात से खराब हुई फसलों की स्पेशल गिरदावरी करवाकर उचित मुआवजा दिया जाए। इस मौके पर पिंकी कोच, प्रधान महासचिव सतपाल उन्हानी, पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष अमर सिंह जांगड़ा, मदनलाल जांगड़ा, महेंद्र सिंह लांबा, धर्मेन्द्र ढाका, राजाराम पंच सीहोर, किरोड़ीलाल स्वामी आदि मौजूद थे।

## नशा मुक्ति केंद्र का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने वीरवार को समाज कल्याण से जुड़े चार महत्वपूर्ण केंद्रों का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य इन केंद्रों के कामकाज का निरीक्षण करना और जरूरतमंद लोगों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लेना था। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बातचीत की और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। सीजेएम नीलम कुमारी ने सबसे पहले नागरिक अस्पताल में स्थित नशा मुक्ति केंद्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केंद्र समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि ये व्यक्तियों को नशा मुक्त होने में मदद करते हैं। उन्होंने श्री माधव कल्याण समाज ट्रस्ट में स्थित नशा मुक्ति केंद्र का भी दौरा किया, जहां उन्होंने और बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए सुझाव दिए। इसके बाद सीजेएम ने सेफ हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सेफ हाउस का उपयोग उन लोगों के लिए किया जाता है, जिन्हें तत्काल सुरक्षा की आवश्यकता होती है। उन्होंने इन केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं जैसे कानूनी सहायता, चिकित्सा सुविधा व परामर्श सेवाओं की समीक्षा की। अंत में उन्होंने सीनियर सिटीजन होम का भी दौरा किया। उन्होंने वहां रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत की और उनका हालचाल पूछा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जिनका अनुभव और ज्ञान हमारे लिए बहुत मूल्यवान है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सीनियर सिटीजन होम का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों को एक सम्मानजनक व गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सुनिश्चित करें कि इन केंद्रों में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों को उचित देखभाल, पौष्टिक भोजन व चिकित्सा सेवाएं मिलें।



नारनौल। नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण करती सीजेएम नीलम कुमारी। फोटो : हरिभूमि

## सैनी सभा प्रधान सुरेश सैनी व डॉ. भंवर सिंह कसाना का सम्मान



महेंद्रगढ़। दोनों पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

महेंद्रगढ़। श्री गोपाल गोशाला बुचियावाली धाम में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेश सैनी को क्षत्रिय सैनी सभा का प्रधान निर्वाचित किए जाने तथा डॉ. भंवर सिंह कसाना को राष्ट्रीय स्तर पर नेचुरल हीलर अवार्ड से नवाजे जाने के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया तथा आगामी कार्यक्रम के आयोजन पर विस्तार से चर्चा की गई।

सम्मान समारोह में भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों के साथ-साथ बालाजी जनसेवक मंडल व श्री गोपाल गोशाला समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दोनों सदस्यों को अपनी–अपनी संस्था का स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

## हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियानः डीएमसी ने की अटेली शहर में स्वच्छता कार्यों की समीक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

स्वच्छ व स्वस्थ हरियाणा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार की ओर से शुरू किए गए हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान के तहत जिले में विभिन्न शहरों और कस्बों में स्वच्छता संबंधी गतिविधियां तेजी से चल रही हैं। इसी क्रम में जिला नगर आयुक्त रणवीर सिंह ने वीरवार को अटेली शहर का दौरा किया और शहरी स्वच्छता अभियान 2025 का निरीक्षण किया।

उनके साथ अटेली नगर पालिका सचिव भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चल रहे स्वच्छता कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर लगातार हर रोज अलग अलग गतिविधियां चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसी अभियान के तहत वीरवार को अटेली नगर पालिका द्वारा सफाईकर्मियों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण वितरित किए गए। जिससे वे सुरक्षित रूप से अपना काम कर सकें। इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने के लिए महेंद्रगढ़, नारनौल, कनीना और नांगल चौधरी के स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। जहां छात्रों को कचरे के स्रोत पर ही पृथक्करण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जबकि कनीना के स्कूलों में भी यह अभियान चलाया गया।



मंडी अटेली। अटेली शहर का निरीक्षण करते डीएमसी रणवीर सिंह।

### आवारा पशुओं को पकड़कर टैग करने का

शहरों को स्वच्छ बनाने के लिए महेंद्रगढ़ में कई गारबेज वल्नरेबल पॉइंट्स यानी ऐसे स्थान जहां अक्सर कचरा जमा होता है, की पहचान कर उन्हें पूरी तरह से साफ किया गया। इसके अलावा नांगल चौधरी में सड़कों के किनारे की घास की कटाई की गई। आवारा पशुओं को पकड़कर टैग करने का काम नारनौल में जारी है। कनीना में सार्वजनिक शौचालयों की साफ सफाई का निरीक्षण नगर पालिका सचिव ने किया। मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए जिले में फॉगिंग भी की गई। इसके अतिरिक्त कनीना के रेलवे स्टेशन रोड पर एक एंटी डिफेसमेंट ड्राइव भी चलाई गई। जिसके तहत सार्वजनिक दीवारों और स्थानों को गंदा करने वाले पोस्टरों तथा विज्ञापनों को हटाया गया।

## वंदना सैनी ने पाई जेआरएफ परीक्षा में सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



वंदना सैनी को जूनियर रिसर्च फैलोशिप (जेआरएफ) परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर 45वां रैंक हासिल करने पर मोहल्ला चौधरीयान स्थित हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल सम्मानित किया गया। वंदना सैनी ने इसी विद्यालय से 10वीं व 12वीं की पढ़ाई की है। हाल ही में जेआरएफ की परीक्षा में वंदना सैनी ने 99.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र में एक रिकॉर्ड कायम किया है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने तालिया बजाकर वंदना सैनी का अभिनन्दन किया। वंदना सैनी ने अपनी कामयाबी का श्रेय स्वयं की मेहनत, माता-पिता व गुरुजनों के सहयोग को दिया। विद्यार्थियों को यह संदेश भी दिया है कि उन्हें लक्ष्य पहले से तय कर लेना चाहिए और सिर्फ अपने लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित रखना चाहिए, तभी कामयाबी मिलेगी। संस्था के चेयरमैन हितेन्द्र शर्मा ने वंदना सैनी की कामयाबी पर बधाई दी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत गोद**
खण्ड व तह. नारनौल, जिला महेंद्रगढ

ग्राम पंचायत गोद में सफाई कर्मचारी का एक पद रिक्त है। इच्छुक उम्मीदवार इस पद के लिए 26.09.2025 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन बीडीपीओ कार्यालय नारनौल में जमा करवाएं। आवश्यक दस्तावेज आवेदन के साथ जमा करवाएं। साक्षात्कार दिनांक 30.09.2025 को बीडीपीओ कार्यालय नारनौल में होंगे।

सरपंच
ग्राम पंचायत गोद, खण्ड नारनौल

## खबर संक्षेप


नारनौल। छात्रा को सम्मानित करते सभा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### मेधावी छात्रा दीपिका को किया सम्मानित

**नारनौल।** श्री गौड ब्राह्मण सभा अटेली की ओर से इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय की बीए के द्वितीय वर्ष की परीक्षा में पहला स्थान प्राप्त करने वाली गांव गनियार निवासी दीपिका शर्मा को सम्मानित किया गया। सभा प्रधान धर्मेंद्र वशिष्ठ ने कहा कि दीपिका ने यह उपलब्धि को सराहा। मौके पर सचिव अरविंद कौशिक, कोषाध्यक्ष रामानंद वशिष्ठ, वशिष्ठ उप प्रधान प्रवीण, सह सचिव सुनील कौशिक, विनोद कौशिक, महेंद्र शर्मा, दीपिका शर्मा के पिता संजीव शर्मा, माता शर्मीला देवी, चाचा शिवकांत मौजूद रहे।


मंडी अटेली। जन्मदिन पर जरूरतमंदों को भोजन के पैकेट बाटंते हुए।

### जन्मदिन पर जरूरतमंद बच्चों को करवाया भोजन

**मंडी अटेली।** गांव तोबड़ा के एक परिवार ने जन्मदिन पर केक न काट कर जरूरतमंद बच्चों को भोजन के पैकेट बांटने कर उनके साथ भोजन करने व बिहाली गौशाला में गायों क लिए सवामणी लगा कर अपने पांच वर्षीय लड़के ओजस्वी का जन्म दिन मनाया। गोशाला बिहाली के पूर्व प्रधान महिपाल खर्ब ने बताया कि उसके पोत वेदप्रकाश नागर उसकी पत्नी अनिता व लडके हनुमान ने निर्णय लिया कि बच्चे का जन्म केक या डीजे आदि ने बजा कर गोशाला व जरूरतमंद के साथ जन्मदिन मनाएंगे।


महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत स्पर्धा

**महेंद्रगढ़।** बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत वीरवार को गांव खातोदड़ा में रंगोली प्रतियोगिता व गांव उष्मापुर में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में किशोरी लड़कियों ने भाग लिया। इस दौरान सुपरवाइजर चंचल ने बताया कि इन प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य लड़कियों के प्रति जागरूकता पैदा करना, जन्म दर को बढ़ाना, शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना है।

### नगर पालिका ने वार्ड 10 व 15 में करवाई फॉगिंग

**महेंद्रगढ़।** नगर पालिका ने मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए शहर में फॉगिंग अभियान जारी है। नगर पालिका द्वारा वीरवार को वार्ड 10 व 15 में सभी गलियों में फॉगिंग करवाई है। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों ने सफाई अभियान भी चलाया। कर्मचारियों ने वार्ड की सभी गली व नालियों की सफाई की गई। शहर के 15 वार्डों में लगभग पचास हजार की आबादी निवास करती है।

### रामगढ़ भगवानपुर अस्पताल बनाओ संघर्ष समिति ने लगाए आरोप

# जिद के कारण जनता के स्वास्थ्य को दाव पर लगा रहीं स्वास्थ्य मंत्री आरती

स्वास्थ्य मंत्री स्वयं हलके की होने के नाते जनता की मांग के प्रति उदासीन ही नहीं बल्कि जन विरोधी रवैया अपनाएं हुए हैं

*रेवाड़ी के रामगढ़ भगवानपुर अस्पताल बनाओ संघर्ष समिति ने स्वास्थ्य मंत्री की विधानसभा में आकर गिनवाई कमियां, आंदोलन ओर तेज करेंगे*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मंडी अटेली


मंडी अटेली। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते अस्पताल बनाओ संघर्ष समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

रामगढ़ भगवानपुर अस्पताल बनाओ संघर्ष समिति स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के विधानसभा अटेली में पत्रकारवार्ता की। इस दौरान उन्होंने रेवाड़ी के भगवानपुर में अस्पताल नहीं बनाने की राजनीति रंजिश करार देते हुए समिति ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव व उनके पिता केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की कमियों को गिनवाया। साथ ही जनता व सामाजिक संगठनों से समर्थन भी मांगा। अटेली में वीरवार को पत्रकारवार्ता में समिति से भगवानपुर सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने बताया कि राव इंद्रजीत सिंह ने रेवाड़ी जिला के गांव भगवानपुर की पंचायती जमीन जो रेवाड़ी शहर के साथ लगती हुई है, में 200 बेड का हॉस्पिटल खोलने का वायदा किया था और बदले में 10 एकड़ जमीन रेवाड़ी शहर की प्यास बुझाने के लिए वॉटर वर्क्स के लिए देने को कहा था। ग्राम सभा भगवानपुर ने 10 एकड़ जमीन वाटर वर्क्स के लिए राव इंद्रजीत सिंह के कहने पर दे दी और सात एकड़ सात कनाल नौ मरला जमीन हॉस्पिटल के लिए सरकार को फ्री में दे दी। 10 एकड़ जमीन की वाटर वर्क्स के लिए सरकार को दे दी और सरकार के नाम रजिस्ट्री भी करा दी गई, परंतु हॉस्पिटल के लिए राव इंद्रजीत सिंह एवं स्वास्थ्य मंत्री ने इनकार कर दिया। जबकि एक्सपर्ट की रिपोर्ट के अनुसार भगवानपुर की जमीन शहर के साथ एवं एनएच 71 के साथ होने की वजह से हर तरह से उपयुक्त है। सरकार के अधिकारियों ने खुद इसे अपनी रिपोर्ट में माना है। स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा सरकार की चुपके चुपके एक पत्र जारी होने से जनता को चौका दिया, जब उस पत्र में उन्होंने संबंधित बीडीपीओ को हॉस्पिटल के लिए शाहबाजपुर खालसा की जमीन का प्रस्ताव पास करवाने का आदेश दे दिया। इससे विक्षुभ होकर रामगढ़ भगवानपुर समेत आस पास के नागरिक राव इंद्रजीत सिंह के पास मिलने के लिए गए और यह कहने के लिए गए कि हमने 10 एकढ़ जमीन भी दे दी, फिर यह भेदभाव क्यों? ग्रामीणों से राव साहब ने मिलने से इनकार ही नहीं किया बल्कि पुलिस बुलाकर महिला समेत पुरूषों को वहां से खदेड़ दिया। अपनी जिद्द के कारण जनता के स्वास्थ्य को दाव पर लगाए हुए है। जनता स्वास्थ्य मंत्री से रोजगार नहीं, स्वास्थ्य और इलाज मांग रही है जो उनके क्षेत्राधिकार में आता है। एक सवाल के जवाब में कहा गया कि हम 10 एकड़ जमीन जो वाटर वर्क्स के लिए दी है, उसे वापिस नहीं लेंगे। शहर रेवाड़ी के नागरिक हमारे है। रेवाड़ी शहर की पेयजल उपलब्ध करवाने की हमारी नैतिक कर्तव्य भी है। वाटर वर्कस के लिए दी गई जमीन वापिस नहीं लेंगे, परंतु हॉस्पिटल के लिए आंदोलन को मजबूत करेंगे।

#### रोजगार नहीं स्वास्थ्य और इलाज मांग रही जनता

उन्होंने कहा कि 17 जून से लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन चल रहा है। मुख्यमंत्री को एक के बाद एक ज्ञापन दिए जा चुके है। हरियाणा सरकार राव इंद्रजीत सिंह एवं स्वास्थ्य मंत्री की जिद्द पर पता नहीं चुप क्यों है? मुख्यमंत्री जी ने भी सही को सही कहे, जनता इसके इंतजार में है। आखिर संघर्ष कमेटी के पास आंदोलन को व्यापक बनाने के अलावा ओर कोई चारा नहीं बचा है। व्यापक आंदोलन खड़ा करने का फैसला लेने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। इस आंदोलन में जनता समेत तमाम संगठनों की मदद लेंगे।



नांगल चौधरी। ग्रामीणों को लिंग जांच के दुष्परिणामों की जानकारी देते डॉ. पवन छिल्लर।

## गर्भवती का पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित करें सभी आशा वर्कर्स

■ गांव में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नांगल चौधरी

लिंगानुपात सुधार एवं गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण को लेकर एसएमओ डॉ. अशोक यादव के दिशानिर्देशों में पीएचसी बूढ़वाल में ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पीएचसी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन छिल्लर व डॉ. जितेंद्र रूंडला ने पीएनडीटी एक्ट तथा असंतुलित लिंगानुपात के दुष्परिणामों ने अवगत कराया।

कार्यक्रम में ब्लॉक आशा कोऑर्डिनेटर सुभाष यादव ने आशा वर्करों को लिंग जांच व अन्य अवैध गतिविधियों पर नजर रखने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर व एएनएम स्टॉफ को नवविवाहित महिलाओं पर नजर रखने की हिदायत दी गई है। 10 सप्ताह की गर्भवती का पोर्टल पर पंजीकरण करना अनिवार्य है व नियमित रूप से पीएचसी व सीएचसी पर जांच कराएं। अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर गंभीर बीमारियों की जांच करने की अनुमति है, यहां लिंग जांच नहीं कर सकते। विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों को संदेहास्पद क्लीनिकों का औचक निरीक्षण करने व अवैध कार्यो की पुष्टि होने पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान है। लिंग जांच या भ्रूण हत्या करने वाले संस्थानों की सूचना देने पर नकद पुरस्कार निर्धारित किया है, साथ ही मुखबिर की पहचान को गुप्त रखा जाएगा। गांव स्तर पर सहेली टीम का गठन किया है, जो महिलाओं को बेटी व बेटी में भेदभाव को खत्म करने के लिए प्रेरित करेंगी।

#### लिंग जांच रोकने में मदद देने की शपथ दिलाई

डॉ. पवन छिल्लर ने कहा कि रायमलिकपुर, मौरूंड समेत कई गांवों का लिंगानुपात चिंताजनक बना हुआ है। यहां एक हजार लड़कों की तुलना में करीब 200 लड़कियों ने जन्म लिया है। जिससे सामाजिक तानाबाना बिगड़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है। इसके बाद गांव में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली निकाली गई और लिंग जांच रोकने में मदद देने की शपथ दिलाई गई।

## कन्या भ्रूण हत्या पाप अभियान चलाया

■ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर जनजागृति अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल



नारनौल। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

गांव गोद में वीरवार को आशा वर्कर यूनियन के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर जनजागृति अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक आशा कोऑर्डिनेटर सीएचसी दोचाना ने कहा कि लड़कियां बोझ नहीं, परिवार व समाज की शान हैं। लिंग परीक्षण करवाकर भ्रूण हत्या करना पाप ही नहीं, बल्कि अपराध भी है। हमें संकल्प लेना होगा कि अपने गांव में किसी भी बेटी की कोख में हत्या नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ का अर्थ केवल जन्म तक सीमित नहीं है, बल्कि बेटी को पढ़ाना, सम्मान देना और बराबर का अवसर देना ही सच्चा अभियान है। आज हर क्षेत्र में बेटियां अपनी पहचान बना रही हैं। हमें अपनी सोच बदलनी होगी। इस जनजागृति अभियान में आशा यूनियन की पदाधिकारी अनिता गोठवाल, प्राध्यापिका मुकेश, आशा वर्कर किरा व संतोष, आशा सहयोगिनी पूजा कुमारी, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व गांव के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि गोद को बेटी भ्रूण हत्या मुक्त गांव बनाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे।

### मलेरिया फैलने के कारणों को बताया

**नांगल चौधरी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़वाल के अंतर्गत गांव रायमलिकपुर में डॉ. पवन छिल्लर की अध्यक्षता में मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एमपीएचडब्ल्यू धर्मबीर यादव व ब्लॉक आशा संयोजक सुभाष यादव ने मलेरिया फैलने के कारणों से अवगत कराया। इसके बाद गांव में रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया तथा घरों के आसपास जलभराव खत्म करने के लिए प्रेरित किया। पानी के ठहराव में मादा एनाफ्लीज मच्छर उत्पन्न होते हैं, जिनके काटने से मलेरिया, एलर्जी व अन्य संक्रमित रोग संभव हैं। पीड़ति को सर्दी लगकर बुखार आता है, लेकिन पीड़ति अधिकांश लोग लक्षणों पर ध्यान नहीं देते हैं।

## भारत माता अभिनंदन दिवस मनाया

■ कस्बे एवं क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सतनाली मंडी


सतनाली मंडी। कार्यक्रम के दौरान शपथ लेते विद्यार्थी व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

कस्बे एवं क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में भारत माता अभिनंदन संगठन के तत्वावधान में वीरवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगठन के जिला संयोजक विनोद श्यामपुरिया ने बताया कि संगठन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम दास राजधानी कॉपी वाले के सहयोग से कार्यक्रम के तहत आईटीआई सतनाली, राजकीय स्कूल सोहड़ी, श्यामपुरा स्कूल व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुरेहती पिलानिया में भारत माता अभिनंदन दिवस मनाया गया। उन्होंने बताया कि 11 सितंबर भारत माता अभिनंदन दिवस हमारे देश की आन, बान और शान है। कार्यक्रम के तहत सुरेहती पिलानिया स्कूल में भारत माता अभिनंदन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व देशभक्ति से ओतप्रोत भजन व निबंध और भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। स्कूल प्राचार्या डॉ. संगीता ने कहा कि देश की अखंडता एकता व आपसी भाईचारे को बढ़ाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम समय समय पर विद्यालय में आयोजित किए जाते रहते हैं। इस प्रकार के कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए।

### आईटीआई में जॉब मेला 17 को

नारनौल। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 17 सितंबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न उद्योगों की प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और आईटीआई पास आउट छात्रों का चयन अपरेंटिस व रोजगार के लिए करेंगी। इस रोजगार मेले में बंसल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड, इंडिया निप्पॉन इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, श्रीराम पिस्टन्स एंड रिंग्स लिमिटेड,



नगाटा ऑटोमोटिव व जेबीएम फरीदाबाद जैसी कंपनियां भाग लेंगी, जो विभिन्न पदों पर छात्रों का चयन करेंगी। यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर किए जाते रहते हैं और सभी छात्रों को प्लेस कराने की, जो जिम्मेवारी प्रदेश सरकार के कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की ओर से दी गई है, उसको पूर्ण रूप से करने के प्रयास किए जाते हैं। छात्रों को स्वरोजगार के प्रति भी जागरूक किया जाता है, जिसमें एमएसएमई व डीआईसी के अधिकारियों की ओर से बच्चों को समय-समय पर मोटीवेट किया जाता है तथा उनके द्वारा चल रही विभाग की विभिन्न स्कीमों के बारे में अवगत करवाया जाता है। प्लेसमेंट ऑफिसर सुदर्शन कुमार ने बताया कि 17 सितंबर को सभी छात्र ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएं। सभी टेक्निकल ट्रेड्स के छात्र इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। इन कंपनियों में विभिन्न पदों पर छात्रों का चयन किया जाएगा।

## महिला कॉलेज में शहरी स्वच्छता अभियान

■ स्वच्छता से ही बेहतर स्वास्थ्य संभव : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। महाविद्यालय परिसर में सफाई करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सरकार एवं जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ. पूर्ण प्रभा के दिशा-निर्देश में राजकीय महिला महाविद्यालय में शहरी स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विशेष सफाई अभियान चलाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह के सानिध्य में यह अभियान लगातार संचालित है, जिसमें महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और विद्यार्थी, विशेष रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी एवं स्वयंसेवकों ने भाग लिया और सफाई कार्य में अपनी अहम भूमिका निभाई। प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह की अगुवाई में महाविद्यालय परिसर में प्रतिदिन स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत महाविद्यालय भवन के चारों तरफ तथा मुख्य मार्ग पर उगी हुई खरपतवार को हटाकर परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का कार्य किया गया। विभिन्न प्रकार की सफाई गतिविधियां आयोजित कर परिसर को स्वच्छ रखने के लिए आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. किरण तथा प्रो. नवीन कुमार के नेतृत्व में समस्त स्टॉफ सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

#### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रो. कविता रानी, प्रो. डॉ. महेश सिंह, प्रो. नवीन कुमार, डॉ. किरण, प्रो. बिजेंद्र कुमार, प्रो. देवेंद्र कुमार, प्रो. प्रवीण सरोहा, प्रो. भरत कुमार सोनी, डॉ. ज्योति शर्मा, ओमप्रकाश, प्रदीप कुमार, संजय, हरिसिंह, बलवान, जोगेंद्र, दयानंद, दिनेश, रामबिलास, स्नेहा सहित महाविद्यालय का संपूर्ण स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहे और स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया। प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों से कहा कि स्वच्छता केवल एक कार्य नहीं, बल्कि जीवनशैली है और इसे निरंतर अपनाकर समाज को स्वस्थ व जागरूक बनाया जा सकता है।

### नपा ने बच्चों को डंप साइट की कराई विजिट

**नांगल चौधरी।** नपा प्रशासन ने श्रीराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को डंप साइट की विजिट कराई तथा कूड़े को डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित किया। गंदगी में पनपने वाली बीमारियों की जानकारी देकर घरों के आसपास स्वच्छता रखने का संदेश दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव ललित गोयल ने की। इस दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न वार्डों के पार्षदों ने सफाई संबंधी समस्याओं से अवगत कराया है। विद्यार्थियों ने शहर में रैली निकालकर लोगों को कूड़ा प्रबंधन का आह्वान किया। इस मौके पर कनिष्ठ अभियंता सुनील कुमार, योगेंद्र सिंह बाबूजी, बीआइ रूपेश यादव, राहुल शेहरावत, उमेश कुमार, राहुल यादव, गोविंद, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### समाधान शिविर में आई 74 जन शिकायतें

नारनौल। प्रदेश सरकार के निर्देश अनुसार वीरवार को लघु सचिवालय में लगाए गए समाधान शिविर में नगराधीश डॉ. मंगल सेन ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर कुल 74 नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखी। सीटीएम ने कहा कि प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 तक लग रहे इन समाधान शिविर में नागरिकों की सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इसके बाद प्रत्येक शुक्रवार को समाधान शिविर में आई शिकायतों की समीक्षा की जाती है, ताकि लोगों को तुरंत राहत मिले। इस मौके पर डीएसपी सुरेश कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### कराटे खिलाड़ियों का ट्रायल 15 को होगा

**नारनौल।** हरियाणा खेल विभाग की ओर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के लिए महेंद्रगढ़ जिले के कराटे खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 15 सितंबर को नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में किया जाएगा। यह चयन ट्रायल सुबह नौ बजे से शुरू होगा। इसमें महेंद्रगढ़ जिले के पुरुष व महिला वर्ग के सभी इच्छुक कराटे खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। यह जानकारी देते हुए कार्यवाहक जिला खेल अधिकारी नरेंद्र कुंडू ने बताया कि यह आयोजन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के खेल प्रेम व हरियाणा की प्रगतिशील खेल नीति का ही परिणाम है। कुंडू ने कहा कि हमारी खेल नीति की सफलता का प्रमाण है कि पेरिस 2024 ओलंपिक जैसे बड़े मंचों पर भी हरियाणा के खिलाड़ियों ने देश को गौरव दिलाया है।

### पीजी प्रथम वर्ष एवं प्रमोशनल कक्षाओं के दाखिले के लिए अंतिम अवसर

## राजकीय महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश के लिए फिजिकल काउंसलिंग आज

एमए अंग्रेजी व एमएससी रसायन विज्ञान में शेष सीटों के लिए काउंसलिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़




*राजकीय महाविद्यालय में स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष एवं प्रमोशनल कक्षाओं में प्रवेश के लिए अंतिम अवसर के रूप में फिजिकल काउंसलिंग 12 सितंबर को आयोजित की जाएगी। यह काउंसलिंग प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक चलेगी। इस दौरान अभ्यर्थियों को संबंधित समिति से संपर्क करना होगा और प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य है।*

*प्राचार्य एवं जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी प्रो. (डॉ.) पूर्ण प्रभा ने बताया कि अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र की प्रति, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटो सहित सभी मूल दस्तावेज साथ लाना होंगे।*

*महाविद्यालय के ऑनलाइन एडमिशन नोडल प्रभारी प्रो. विजय यादव ने बताया कि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में एमए अंग्रेजी में चार और एमएससी रसायन विज्ञान में चार सीटें अभी भी शेष हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन विद्यार्थियों ने ऑनलाइन फीस जमा कर दी है, उन्हें अपने प्रवेश फॉर्म की हार्ड कॉपी समय पर संबंधित समिति को जमा करना अनिवार्य है।*

#### फॉर्म की हार्ड कॉपी जमा कराएं

*यदि कोई विद्यार्थी फीस जमा करने के बावजूद फॉर्म की हार्ड कॉपी जमा नहीं करता है, तो उसका डेटा विश्वविद्यालय को नहीं भेजा जाएगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी विद्यार्थी की स्वयं की होगी। इसके अतिरिक्त, द्वितीय और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि जिन्होंने अब तक फीस जमा नहीं करवाई है, वे 12 सितंबर तक फीस जमा करवा सकते हैं। तत्पश्चात उन्हें अपना प्रवेश फॉर्म संबंधित समिति को जमा कर नियमित कक्षाओं में उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) पूर्ण प्रभा ने अभ्यार्थियों से अपील की है कि वे समय का ध्यान रखते हुए सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित हों, ताकि प्रवेश प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके।*